हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025



# तीन दशक पहले 1994 में पहली बार बने पार्षद, निगम अध्यक्ष-सांसद रहे अब तीसरी बार लेंगे मेयर की शपथ

## संगठन में जिला अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे दायित्व संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगरीय निकाय चुनाव के तहत राजनांदगांव नगर निगम को अपना नया महापौर मधुसूदन यादव के रूप में मिल गया है। 44 हजार की रिकार्ड तोड़ लीड से मेयर चुनाव जीतने वाले मधुसूदन यादव का राजनीतिक जीवन भी काफी रोचक रहा है। अविभाजित जिले में जननेता के रूप में पहचान बनाने वाले श्री यादव आज से करीबन तीन दशक पहले 1994 में पहली बार पार्षद बने थे। उसके बाद से ही वे लगातार जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे। तीन बार पार्षद, राजनांदगांव लोकसभा सांसद, निगम अध्यक्ष और अब तीसरी बार महापौर बनने का सफर उन्होंने पूरा कर लिया है। इसके अलावा संगठन में भी कई अहम पदों पर उन्होंने अपनी सेवाएं दी है। इनमें दो दफा जिला अध्यक्ष, मौजूदा प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजयुमो अध्यक्ष जैसे पद शामिल हैं।

### रिकार्डतोड़ लीड से जीतते रहे

यह पहली दफा नहीं है, जब मधुसूदन यादव ने किसी चुनाव में रिकार्डतोड़ लीड से जीत हासिल की हो। इससे पहले भी वे 2014 में हुए महापौर चुनाव में लगभग 33 हजार की लीड से चुनाव जीते थे। यह राजनांदगांव नगर निगम मेयर पद को लेकर सबसे बड़ी लीड थी। इसके अलावा 2009 में सांसद चुनाव भी उन्होंने 1.19 लाख मतों से जीता था, जो उस समय तक राजनांदगांव लोकसभा के तहत सबसे बड़ी लीड से जीत रही थी। अब उन्होंने मेयर चुनाव में अपना ही रिकार्ड तोड़ते हुए 44455 मत से जीत हासिल की है।

**1991 से शुरू हुआ सफर:** मधुसूदन यादव आज से करीबन 34 वर्ष पहले साल 1991 में भाजयुमो के महामंत्री बनाए गए थे। इसके बाद वे युवा मोर्चा के अध्यक्ष, 1994 में वार्ड क्रमांक 5 से पार्षद, 1999 में वार्ड नंबर 15 से पार्षद, 2003 में कार्यकारी महापौर, 2004 में वार्ड नंबर 16 से पार्षद व अध्यक्ष नगर निगम, 2009 में सांसद, 2015 में महापौर, 2019 से तीन साल जिलाध्यक्ष, दो साल प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहे। अब इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल कर वे तीसरी दफा मेयर बन रहे हैं।

# सुबह ऑडिटोरियम में शपथ ग्रहण, दोपहर 12 बजे निगम में होगा अध्यक्ष का चुनाव, बंद लिफाफे में नाम लेकर पहुंचेंगी पर्यवेक्षक सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित मेयर और पार्षदों का आज शपथ ग्रहण समारोह होना है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे की उपस्थिति में सभी सुबह दस बजे आडिटोरियम में शपथ लेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे नगर निगम सभाकक्ष में अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। निगम अध्यक्ष को लेकर नाम का ऐलान पार्टी द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त की गई सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा नामांकन से ठीक पहले किया जाएगा। निगम अध्यक्ष के चुनाव के साथ ही अपील समिति का भी गठन किया जाएगा।इनमें चार सदस्यों को रखा जाना है। जिसमें तीन भाजपा एवं एक कांग्रेस के पार्षद रहेंगे।

मिली जानकारी अनुसार शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे के साथ ही पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद भाजपा अपने सभी 39 पार्षदों को बस के जरिये निगम लेकर जाएगी। निगम में नामांकन से ठीक पहले ही अध्यक्ष को लेकर नाम का ऐलान किया जाएगा। ज्ञात हो कि दो मार्च को पर्यवेक्षक रूपकुमारी चौधरी ने एक बैठक कर सभी पार्षदों से चर्चा भी की थी।



### इनके नाम शामिल

निगम अध्यक्ष को लेकर भाजपा के आधा दर्जन पार्षदों के नाम चल रहे हैं। इनमें पारस वर्मा, आलोक श्रोती, शिव वर्मा, राजा माखीजा, मणिभास्कर गुप्ता, शैंकी बग्गा के साथ राजेश जैन के नाम शामिल हैं। भाजपा का एक पक्ष सामान्य वर्ग से निगम अध्यक्ष बनाने की मांग उठा रही है। वहीं दूसरा धड़ा वरिष्ठ नेताओं में से किसी को बनाने की बात कह रहा है। यही कारण है कि भाजपा में निगम अध्यक्ष को लेकर पेंच अंतिम समय तक फंसा हुआ है।

### पार्षदों की बैठक, वरिष्ठ रहे उपस्थित

आज होने वाले शपथ ग्रहण समारोह एवं निगम अध्यक्ष चुनाव से पहले शुक्रवार दोपहर एबीस ग्रीन होटल में भाजपा ने एक बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में सभी नवनिर्वाचित पार्षद एवं पार्षद चुनाव में हारने वाले प्रत्याशी आए थे। इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं की भी उपस्थिति रही। जिनमें सांसद संतोष पांडे, मेयर मधुसूदन यादव, भूपेंद्र सावन्नी, सुरेश एच. लाल, रमेश पटेल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, संतोष अग्रवाल एवं अन्य शामिल रहे।

### कांग्रेस भी उतारेगी प्रत्याशी

भले ही कांग्रेस के पास बहुमत नहीं है, लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस आज निगम अध्यक्ष के लिए अपना प्रत्याशी उतारने वाली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस से वरिष्ठ पार्षद सतीश मसीह का नाम इसके लिए तय किया गया है। वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष को लेकर भी कांग्रेस में जमकर गुटबाजी देखने को मिल रही है। इनमें संतोष पिल्ले और हफीज खान में से किसी एक का नाम तय होना बताया जा रहा है।

# जिपं में किरण वैष्णव अध्यक्ष, किरण साहू बनीं उपाध्यक्ष

## भाजपा के दोनों प्रत्याशियों को 10 और कांग्रेस प्रत्याशियों को मिले तीन वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कर लिया गया है। शुक्रवार को पूरी की गई इस प्रक्रिया के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव और उपाध्यक्ष किरण साहू बनी। दोनों पद के लिए कांग्रेस ने भी अपने प्रत्याशी उतारे थे। ज्ञात हो कि इससे पहले एमएमसी और केसीजी जिले में भी जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हो चुका है। अब जिले की तीनों जिपं में महिलाएं अध्यक्ष बन गई है। शुक्रवार को राजनांदगांव जिला पंचायत के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष प्रत्याशी का चयन करने सुबह भाजपा के पर्यवेक्षक भूपेंद्र सवन्नी पहुंचे थे।

उन्होंने सभी से चर्चा की और फिर नामांकन से दस मिनट पहले नाम की घोषणा को गई। अध्यक्ष पद के लिए किरण रविंद्र वैष्णव भाजपा की प्रत्याशी रही। उनका सामना कांग्रेस की विभा साहू से हुआ। किरण को दस और विभा को तीन वोट मिले। इसके बाद उपाध्यक्ष को लेकर प्रक्रिया पूरी की गई। भाजपा ने किरण साहू और कांग्रेस ने महेंद्र यादव को मैदान में उतारा। किरण को दस और महेंद्र यादव को तीन वोट मिले।



### विकास का करेंगे काम

नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव और उपाध्यक्ष किरण साहू ने अपनी जीत के बाद कहा कि सब मिलजुल कर बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के हितों को ध्यान में रखते विकास के कार्यों को किया जाएगा, रूके हुए कार्य को गति देकर जल्द पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वहीं वरिष्ठों के मार्गदर्शन में काम किया जाएगा।

### कांग्रेस के बागियों ने बचाई लाज

जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कांग्रेस से बागी होकर जीते प्रत्याशियों ने निर्विरोध नहीं होने दिया। कांग्रेस की ओर से जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए विभा साहू ने अपना नामांकन भरा। वहीं उपाध्यक्ष के लिए महेंद्र यादव ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किया।

### महिलाओं को मिली प्राथमिकता

जिला पंचायत चुनाव में दस सीट जीतने वाली भाजपा में आठ महिलाएं एवं दो पुरूष शामिल है। यही कारण रहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों महिलाएं है। जिला पंचायत चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल रही किरण साहू की जगह किरण वैष्णव को अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने किरण साहू को जिला पंचायत का उपाध्यक्ष बनाया। यह पहली दफा है, जब जिला पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष दोनों ही महिलाएं है।

**महिलाओं के हाथों में कमानः** भाजपा ने अविभाजित जिले की सभी तीन जिला पंचायत में अपना कब्जा जमा लिया है। इन तीनों में ही महिला अध्यक्ष बन गई है। राजनंदगांव जिला पंचायत में किरण वैष्णव, मोहला-मानपुर जिला पंचायत से नम्रता सिंह और खैरागढ़ जिला पंचायत से प्रियंका ताम्रकार अध्यक्ष बने हैं। तीनों जिलों में महिलाएं अध्यक्ष बन गई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## छू लेंगे आसमान

**डोंगरगांव।** अबला की छबि को तोड़ते हुए महिलाएं अब सबला के रूप सामने आ रही हैं। प्रशासन से कारोबार सहित विभिन्न क्षेत्रों में



महिलाएं सफलता के ऐसे झंडे फहरा रही हैं जो नाज करने लायक हैं। शहर में कई ऐसी महिलाए हैं जो अपने फील्ड में कामयाब होकर औरों के लिए मिशाल बनी हुई हैं। पापा को पुलिस सेवा में रहते कर्तव्य के प्रति निष्ठावन और लोगों के हित में काम करते देखकर नायब तहसीलदार झरना राजपूत ने भी बचपन में सपना देखा था कि वह भी एक दिन प्रशासनिक सेवा ज्वाइन कर अपने पिता की तरह अपने पद का उपयोग परोपकार के लिए करेगी। झरना ने अपने मुकाम को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत किया और फिर उन्हे प्रशासनिक सेवा में आने का मौका मिला। वह इस सफलता से इसलिए खुश है कि उन्होंने जो सोचा और सपना देखा था उसे पूरा करने का अवसर उन्हें मिला है।

### संकट ने सिखाया लड़ना



खुली आँखों के दिखाई नहीं देने वाले कोरोना वायरस ने नगर के जैन परिवार को जो ज़ख्म दिया उसे परिजन ताउम्र नहीं भूल सकते। वायरस के हमले से सतीश जैन के निधन के बाद परिवार के सामने संकट यह खड़ा हुआ कि आगे के जीवन को मजबूत आधार कौन देगा? संकट के दौर में हिम्मत हारने के बजाए पिता की सीख को याद कर स्व जैन की बेटी स्मिता जैन ने आगे बढ़ने का निश्चय किया और उनकी सराफ दुकान को संभाला। स्मिता सफलता पूर्वक बिजनेस कर परिवार को आर्थिक मजबूती दे रही है।

### हिम्मत ने बनाया मजबूत



महज 10 साल आयु में माँ को खोने के बाद संकट में आए परिवार को उबारने के लिए भूमिका सोनकर ने स्कूल से मुँह फेरा और पारिवारिक सब्जी व्यवसाय में जुट गई। भूमिका बाजार में सब्जी बेचती है साथ ही मालवाहक खुद चलाते हुए राजनांदगांव से सब्जियों का परिवहन करती है। उसका कहना है कि मन में कुछ करने की चाह हो तो सब कुछ संभव है। अपनी इसी सोच के चलते वह बीते 20 सालों से सब्जी बेचकर परिवार को आर्थिक सबल प्रदान कर रही है।

### बुलंद हौसलों ने दिखाया राह



बच्चों की उम्र महज 6 से 9 साल के बीच होने के दौरान किसी महिला के पति का निधन होना उसके लिए किसी वज्रपात से कम नहीं होता है। नगर की शोभा जैन ने इस बज्रपात को सहते हुए 1997 में पति के निधन के तीन साल बाद कपड़ा कारोबार को संभाला साथ ही बच्चों को इस लायक बनाया कि वह भी मुसीबतो से लड़कर कामयाबी हासिल कर सकें। श्रीमती जैन के दोनों पुत्र स्वप्निल और सौरभ जैन वर्तमान में सफल कपड़ा व्यवसायी के रूप में स्थापित हैं।

### जैसा देखा वैसा आकार दिया खुद को

बच्चे उस मिट्टी के समान होते हैं जिसे जैसा आकार दिया जाए, ढल



जाते हैं। बचपन में अपने सीए ताऊ के रुतबे और प्रतिष्ठा को देखकर हिना ने तय किया कि उसे भी अपने ताऊ जैसा बनना हैं पर समस्या यह थी कि परिवार वाले बेटी को बाहर भेजकर पढ़ाने के पक्ष में नहीं थे। एमकाम की परीक्षा में गोल्ड मेडल मिलने के बाद प्राध्यापको ने परिजनों को समझाया कि बेटी की प्रतिभा और क्षमता को देखते हुए बंदिश न लगाए। हिना ने कड़ी मेहनत कर न सिर्फ बेहद कठिन माने जाने वाली सीए की परीक्षा में कामयाबी हासिल किया साथ ही प्रतिष्ठित एचडीएफसी बैंक में मैनेजर का दायित्व संभाला।

### बेटी ने निभाया बेटे का दायित्व



भाई के निधन के बाद परिवार को टूटने से बचाने के लिए अंजना श्रीवास्तव ने मोर्चा संभाला और आज कामयाब बीमा अभिकर्ता के रूप में प्रतिष्ठापित है। हिंदी, इतिहास में एमए और फिर बीएड की पढ़ाई करने के बाद तत्कालीन विकास अधिकारी सुनील जुगरान की प्रेरणा से बीमा अभिकर्ता के रूप में उन्होंने कैरियर की शुरुवात की। बीते 16 सालों में वह सीएम क्लब की मेंबर बनने के अलावा लगातार छः साल से एमडीआरटी का ख़िताब हासिल कर रही है।

### उपेक्षा ने दी नई दिशा



सालों से राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय सिद्दीक बड़गुजर को हाल ही में हुए नगर पंचायत के चुनाव में भाजपा द्वारा टिकट नहीं देना उनकी पत्नी नफिसा बड़गुजर को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने घर की दहलीज लांघकर राजनीति में आने का फैसला किया। नगर के वार्ड आठ से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर किस्मत आजमा कर वह पहले ही प्रयास में कामयाब हो गई।

## निर्माण एजेंसी भवन बनाने में नहीं दिखा रही रूचि

# घटिया मटेरियल से भवन निर्माण, काम में विलंब भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान में संचालित बुनकर सहकारी समिति के माध्यम से देवांगन समाज के लोग अपना जीवनयापन करते है। समिति के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति खनिज विकास निगम के तत्कालीन अध्यक्ष गिरिश देवांगन के प्रयासों से मिली थी। नियमानुसार भवन को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना था परन्तु सत्ता परिवर्तन के बाद निर्माण एजेंसी निर्माणाधीन भवन को बनाने में रूचि नहीं दिखा रही है। जिस भवन को लगभग एक बरस पहले बन जाना था वह अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।

भवन निर्माण प्रारंभ से ही विवादों से घिरा रहा है। शिकायतों के बाद अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। भवन का निर्माण एग्रीमेंट के अनुसार होना था परन्तु अब तक नही हो सका है। वही भवन निर्माण बिना लीपापोती के होने उम्मीद थी परन्तु यह भी नही हो सका। निर्माण में अब भी खामियां देखी जा रही है। भवन के पिछले भाग में ठेकेदार द्वारा लीपापोती कर लाल और टुकड़ा ईंट का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए भवन के लंबे समय तक टिकने की उम्मीद कम है।



### शोरूम से आकर्षण बढ़ने की उम्मीद

जानकारी के अनुसार सोसायटी वर्तमान में अपना मुख्यालय एवं दुकान इसी अहाते में संचालित किया जा रहा है जिससे ग्राहकों को यह पता भी नहीं चलता कि सोसायटी का अपना शोरूम भी है जिसके चलते व्यापार के कमजोर होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पुराने ग्राहको का कहना है कि शोरूम से सोसायटी से निर्मित माल के बिक्री में तेजी आ सकती है। भवन का निर्माण मजदूरों की सुविधा के लिए किया जा रहा है ताकि वह उम्दा सूती कपड़ों के निर्माण कर सके किन्तु सोचने वाली बात यह है कि कमजोर भवन में उद्योग का संचालन कैसे किया जाएगा? लीपापोती करते हुए निर्माण किया जाता है तो यहां काम करने वाले मजदूरों को क्षति होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### जांच और कार्रवाई की मांग

यह मामला सैकड़ों कर्मकारो के जीवन से जुड़ा होने के कारण अबयह मांग उठने लगी है कि निर्माण एजेंसी ने प्रारंभ से अब तक जो कार्य किया है उसकी भी गुणवत्ता की जांच की जाए।



# सोलर लाइटें महीनों से बंद, मरम्मत की दरकार

- अंधेरा होने से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड 1 में 15 नग सोलर पैनल लाईट के खंभे सड़क के दोनों किनारे लगाया गया था। सोलर पैनल लाइट लगने के बाद वार्ड 1 की सड़के जगमगाने लगी थी किन्तु अब अधिकांश सोलर लाईट दम तोड़ चुकी है। वर्तमान में सभी सोलर पैनल लाइट की मरम्मत की आवश्यकता है। सोलर पैनल की मरम्मत होने से कम खर्च में सोलर पैनल लाइट पुनः जल उठेगी।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री घोषणा मद से नगर पंचायत के वार्ड 1 बैहराभाठा में 14 मई 2023 को पर्ल इंडिया मार्केटिंग सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर ने 15 नग सोलर पैनल लाईट के खंभे लगाया गया था। कार्य के एवज में निकाय ने ठेकेदार को 3 लाख 71 हजार 8 सौ 81 रुपए का भुगतान किया था। कार्य पूर्ण होने के बाद उक्त सोलर पैनल की सभी लाईट 1 साल से अधिक समय तक पूरी रात जलते हुए बैहराभाठा की शोभा बढ़ते रही, परंतु बीते कुछ माह से अधिकांश सोलर पैनल लाईटे बंद हैं।

वार्ड एक के रामजी पटेल, संतराम सिन्हा, मेहतरु पटेल, गुनवंतन पटेल, साधु पटेल, गल्ली पटेल ने सोलर लाईट की मरम्मत करवाकर पुनः चालू करने की मांग की है ताकि सड़क पर पर्याप्त रौशनी हो सके।

### सुधार कराया जाएगा

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि दो साल पहले बैहराभाठा में सोलर पैनल लगाया गया था। निकाय के कर्मचारियों को भेज दिखवाया जाएगा कि वर्तमान में क्या स्थिति है। रिपोर्ट के आधार पर सुधार कराया जाएगा।

# विद्यार्थियों का स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नवीन महाविद्यालय में 7 मार्च को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

चिकित्सक डॉ मधु बंछोर का स्वागत प्राचार्य ने किया। श्रीमती बंछोर ने स्वास्थ्य की देखभाल के संदर्भ में महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि सभी को वर्ष में कम से कम दो बार स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए। इसी कड़ी में सुनील अग्रवाल ने उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दिया। आरोग्य सेविका एकम साहू, लैब टेक्नाजिस्ट रमेश साहू ने छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि व्याख्याताओं का स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण किया। इस अवसर पर चन्द्रप्रकाश साहू, मुरली साहू, गीतेश लहरे, कुलदीप, तनूजा, टोकेश ध्रुव, गुलाब, चाँदनी बोरकर, मनी साहू, दिव्या बघेल, उपासना, लक्ष्मी, तन्नू, पूजा, वेनूका. नेहा, प्रिया, वीणा, खोमलता, राधिका तथा अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, दुष्यंत साहू, डॉ. काव्या जैन, योगेन्द्र देवांगन, डॉ. संजू सिंह, सरोजनी वर्मा, लीना साहू, शुभि जैन, हनी ठक्कर, हिमानी साहू, सौम्या देवांगन, चांदनी पराते आदि का परीक्षण किया गया। संचालन एवं आभार व्यक्त ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### निर्मला ने जताया आभार

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने गुरूवार को पैलीमेटा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर आभार प्रदर्शन किया। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने गहिराटोला, अचानकपुर, चुचरूंगपुर जंगलपुर, मगरकुंठ, भदेरा, सिंगारपुर, बेलगाँव, सुकतरा डनडुटोला, ठाकुरटोला का दौरा किया। इस दौरान प्रेमलाल साहू, लाल रोहित सिंह पुलस्त्य, अशोक साहू, चंद्रकुमार, नरेश, अमरलाल, रमला साहू, नरसिंग साहू, हरकुमार, कृष्णकांत आदि उपस्थित थे।

# नेताओं की एकजुटता से भाजपा को मिली सफलता, अब पीआईसी के लिए जोड़तोड़

- भाजपा की जीत से कार्यकर्ता गदगद

**डोंगरगढ़।** भाजपा ने नगर पालिका में अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष भी बना लिया है। उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान भाजपा नेता मजबूती के साथ उपस्थिति दर्ज करा कर अपने पार्षदों को एकजुट रखने के साथ निर्दलीय और कांग्रेस में सेंध लगाने में कामयाब रहे। चुनाव के पहले उपाध्यक्ष के लिए उमा महेश वर्मा और अमित जैन के नाम की चर्चा थी किन्तु गुटबाजी के चलते भाजपा में तालमेल नहीं बैठने के बाद पार्षदों से वन टू वन चर्चा कर उमा महेश वर्मा का नाम फायनल किया गया। कुछ लोगों की नाराजगी के बाद डॉ. रेखा रार्घोते का नाम भी सामने आया था लेकिन पर्यवेक्षक और वरिष्ठ नेताओं ने उमा महेश वर्मा का नाम पर मुहर लगाया।

### अब पीआईसी के लिए गुणा-भाग

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बाद अब पीआईसी मेंबर को लेकर भी राजनीतिक गुणाभाग सामने आ सकता है। भाजपा में चल रही गुटबाजी के बीच पीआईसी में किस प्रकार तालमेल बैठता है यह देखने वाली बात है। पीआईसी मेंबर के रूप में अमित जैन, डी एकेश राव, अनिश निर्मलकर, डॉ रेखा रार्घोते, हरिश मोटघरे, निर्दलीय अमित छाबडा के नामों पर विचार कर सकती है।

# एनएच निर्माण को गति देने की मांग



**कहगाँव।** निर्माणाधीन नेशनल हाईवे का निर्माण धीमी गति से होने के कारण वाहन चालकों सहित आम लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम कहगांव चौक में गिट्टी को बिछा दिया गया है किन्तु काम आगे नहीं बढ़ रहा है जिसके चलते आए दिन मोटरसाइकिल, ट्रक आदि हादसे का शिकार हो रहे हैं। विगत दिवस 10 चक्का ट्रक पलटते पलटते बच गया वरना बड़ा हादसा हो जाता। ग्रामीणों ने काम की गति बढ़ाने ठेकेदार को निर्देशित करने की मांग प्रशासन से की है।

# केन्द्र पहुंचकर परीक्षा का लिया जायजा



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा एक से 24 मार्च तक होगी। गत 7 मार्च को हाईस्कूल के गणित पेपर के दौरान दो दल ने विभिन्न परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। प्रथम दल में शामिल सीईओ आलोक सातपुते, एबीईओ नितिन हिरवानी, देवेंद्र अंबादे, सुनीता चंद्राकर ने उच्चतर माध्यमिक शाला बोरतलाव, बागरेकसा, कोठीटोला एवं चारभाटा का निरीक्षण किया। इसी प्रकार बीईओ विरेंद्र कौर के नेतृत्व में राणा अजय सिंह, बाबूराव जबनंधु, स्वर्ण बक्शी ने उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुंदा, रेंगकठेरार, पारागांव खुर्द, मुसरा का निरीक्षण किया।

### फाग गायन प्रतियोगिता आज से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय शीतला समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में कल 8 एवं 9 मार्च को फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उद्घाटन विधायक हर्षिता बघेल करेंगी। अध्यक्षता सरपंच लक्ष्मी रवि वर्मा करेंगी। विशिष्ट अतिथि तुलसी साहू, नीलकंठ साहू ,विरेन्द्र हिरवानी, ईश्वरी वर्मा होंगे। आगामी 9 मार्च को समापन के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय होंगे। अध्यक्षता जिपं सदस्य किरन बारले करेंगी। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र वर्मा, ललित साहू, प्रमोद दुबे, लक्ष्मी रवि वर्मा, बहुर साहू, मिथलेश साहू, दशरथ साहू,योगेश साहू , फागूराम लहरे होंगे।

### उपसरपंच का निर्वाचन आज

**सड़क अतरिया।** पंचायत प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण बाद कल शनिवार को पंचायतों में उपसरपंच का निर्वाचन होगा। चुनाव कराने पंचायतों में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पंचायत में उपसरपंच बनने कहीं निर्विरोध की स्थिति है तो कही दावेदार कतार है। निर्वाचित पंच ही उपसरपंच चुनेंगे। जीराटोला सहित एक दो पंचायत में निर्विरोध उपसरपंच चुने जाने के आसार हैं। ग्राम पंचायत सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, भरदागोड़, विचारपुर, बुंदेली, पंडरिया, जंगलपुर, संड़ी, खैरा नवापारा, चकनार, मानपुर नाका, घिरघोली, मुरई, ठंड़ार में उपसरपंच के लिए दो से अधिक दावेदार होने से चुनावी प्रक्रिया से चयन हो सकता है।

### पर्यवेक्षक के आरोप को नकारा

**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत के चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद पर्यवेक्षक दुर्गेश द्विवेदी के आरोप को कांग्रेस किसान मोर्चा के नेता दशरथ ठाकुर ने निराधार बताया है। उन्होंने बताया कि पार्टी के दायित्व को निष्ठ्के निभाया गया जबकि वह खुद अपने जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर सके।

### पर्यावरण संरक्षण समिति का गठन

**डोंगरगढ़।** नगर को स्वच्छ और पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए पर्यावरण



संरक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति में सर्व सहमति से संयोजक कुश मालेकर, सह संयोजक मुकुंद मोहन साहू, संरक्षक अजय सिंह ठाकुर, विश्वनाथ यादव को बनाया गया है। समिति द्वारा नवरात्रि पर्वों में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए मुहिम चलाएगी। गठन के लिए आयोजित बैठक में मनोहर चंदेल, मयंक शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, प्रकाश यादव, जागेश्वरलाल निषाद, जिज्ञासु टांक, मुकेश कांडे, शिवेंद्र भगत, अमन ठाकुर, डिकेश साहू, रमेश यादव उपस्थित थे।

### सुंदर कांड का पाठ आज



**डोंगरगढ़।** भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की स्थापना के कल 8 मार्च को एक वर्ष पूर्ण होने पर महिला मंडली एवं मोहल्लेवासियों ने सुंदर कांड एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन संध्या आरती के पश्चात रखा है। सुंदर कांड का पाठ महिला मंडली द्वारा किया जाएगा। भंडारा प्रसादी पार्षद सुमित ताम्रकार की ओर से रखा गया है। पार्षद ने अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## विधायक के प्रयास से प्रस्ताव बजट में शामिल

# सिंचाई के लिए नहरों का बिछेगा जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



बजट में विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने करोड़ों का कार्य स्वीकृत कराने में सफलता प्राप्त कियाहै। क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त करने व बजट में प्रस्ताव शामिल करने पर विधायक श्रीमती वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार प्रकट किया है।

जानकारी के अनुसार बजट में जीराटोला जलाश्य का रिमांडलिंग व नहर लाइनिंग कार्य 50 करोड़, सेतवा जलाशय के उलट के पास पुलिया 50 करोड़, चिंगली डायवर्सन के जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग कार्य 50 करोड़, मानपुर पहाड़ी जलाशय नहर लाइनिंग 50 करोड़, बकरकट्टा जलाशय नहरों का रिमांडलिंग, लाइनिंग कार्य 50 करोड़, आमनेर मोतीनाला डायवर्सन यो नहर लाइनिंग 100 करोड़, मगरकुण्ड फीडर जलाशय निर्माण 50 करोड़, लमती फीडर जलाशय में नहरों का निर्माण 80 करोड़, आमनेर डायवर्सन फीडर नहर विस्तार 80 करोड़, भेंडरा जलाशय जीर्णोद्धार व नहर लाइनिंग 50 करोड़, पिपरिया जलाशय नहर पर सीसी कार्य 50 करोड़, ठाकुरटोला व्यपवर्तन योजना शीर्ष कार्य, नहर रिमाइंडलिंग, लाइनिंग कार्य 20 करोड़, सुरही नदी पर बिरखा के पास एनीकट कम रपटा 20 करोड़, चिलगुड़ा में स्टाप डेम 20 करोड़, कर्रानाला में एनीकट कम रपटा 20 करोड़, लमती नदी पर आमाघाट कादा के पास रपटा निर्माण 10 करोड़, डुमरिया जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग 25 करोड़, बरैयापार दरबान टोला नहर मरम्मत, लाइनिंग कार्य 25 करोड़ , आमदनिया डायवर्सन का जीर्णोद्धार व नहर लाइनिंग कार्य 10 करोड़, कटोरी डायवर्सन नहर लाइनिंग 10 करोड़, मुतेडा डायवर्सन मुख्य नहर की मरम्मत 10 करोड़, खुड़मुडी जलाशय नहर लाइनिंग 10 करोड़, पंडरिया जलाशय नहर मरम्मत, लाइनिंग कार्य 10 करोड़, सुरही नदी जलाशय की ऊंचाई बढ़ाने, नहर विस्तार 10 करोड़, सुरही नदी पर एनीकट कम काजवे निर्माण 5 करोड़, मोतीनाला पर हरदी में एनीकट कम काजवे निर्माण 5 करोड़, बसावर जलाशय पर नहर निर्माण 10 करोड़, कुटेलीकला जलाशय नहर लाइनिंग 10 करोड़, डूडा डायवर्सन नहर लाइनिंग 10 करोड़, सोनभट्टा जलाशय नहर लाइनिंग 10 करोड़, सलौनी जलाशय नहर लाइनिंग, सीसी कार्य 10 करोड़, मदराकुही जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, बुढ़ानभाट जलाशय नहर लाइनिंग 10 करोड़, काशीटोला व्यपवर्तन जीर्णोद्वार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, कातलवाही जलाशय योजना जीर्णोद्वार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, महराटोला जलाशय नहर लाइनिंग 10 करोड़, भरदाकला जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, पासलखैरा जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, रामपुर जलाशय जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य के लिए 10 करोड़ की स्वीकृति मिली है।

### किसानों को मिलेगा फायदा

इसी प्रकार सोनपुरी जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, सुरही जलाशय नहर विस्तार भरदा गोड़, विचारपुर, बुंदेली, मैहर का सीसी लाइनिंग कार्य 10 करोड़, सुरही जलाशय नहर विस्तार धोधा,जगमड़वा माइनर सीसी लाइनिंग 10 करोड़, डोकराभाठा जलाशय योजना शीर्ष कार्य, नहर लाइनिंग 10 करोड़, चेपटाखोल जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, नचनिया जलाशय जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग 10 करोड़, सुरही जलाशय मुख्य नहर पर बूढ़ासागर, देवपुरा, बेंगरी माइनर रिमांडलिंग,सीसी लाइनिंग कार्य 10 करोड़, धनेली व्यपवर्तन जीर्णोद्धार, नहर लाइनिंग पर सीसी निर्माण 10 करोड़, सुखानाला जलाशय शीर्ष कार्य, नहर लाइनिंग 10 करोड़, खैरी जलाशय नहर लाइनिंग 10 करोड़, पद्मावतीपुर जलाशय नहर लाइनिंग, जीर्णोद्धार 10 करोड़, कटोरी व्यपवर्तन जीर्णोद्धार 5 करोड़, त्रिशूल नाला व्यपवर्तन 5 करोड़, पिपरिया जलाशय निरीक्षण कुटीर 1.80 लाख, पैलीमेटा जलाशय में निरीक्षण गृह 2 करोड़, मानिकचौरी योजना नहर लाइनिंग, रिमांडलिंग 2.5 करोड़, बिरुटोला स्टापडेम मरम्मत, नहर लाइनिंग के लिए 8.5 करोड़ की मंजूरी मिली है।

# संकटों से लड़े उसकी ही जीत



**सड़क अतरिया।** घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं उनके परिजनों ने स्व लखन लाल रूखमणी जंघेल की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया है। चौथे दिन चित्रकूट के भरत महाराज ने श्रोताओं को कृष्ण जन्म की कथा का रसपान कराया। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए बताया कि यदि किसी में ईश्वर के प्रति विश्वास है, तो भगवान उसकी रक्षा करते हैं। भगवान के रूप का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर से सुंदर ब्रह्मांड में कोई दूसरा नहीं। उनकी छटा देखकर कर ही जीव सदा के लिए उनका हो जाता है। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार ही समुद्र है और निरंतर दैवी और आसुरी प्रवृत्तियां इस संसार का मंथन करती हैं लेकिन सबसे पहले बुराइयों का विष निकलता है जो विष से नहीं डरता उसे ही सफलता मिलती है। इसी क्रम में शुक्रवार को श्री कृष्ण के बाल चरित्र का वर्णन किया गया। जंघेल परिवार ने क्षेत्र के सभी प्रतिदिन कथा सागर का लाभ लेने का अनुरोध किया है।


D Mart®
Daily Discounts Daily Savings
होली के अनेक रंग
बेहतरीन ऑफर्स के संग
DMart ready
होली स्पेशल
₹129* सिर्फ पिडिलाइट होली के रंग 4x60 ग्राम प्रति पीस मूल कीमत ₹ 175
₹69* से आगे होली के रंग 300 ग्राम
₹169*# से आगे वॉटर टैंक पिचकारी
₹59*# से आगे वॉटर गन पिचकारी
₹160* सिर्फ रुह अफ़ज़ा शरबत 750 मि.ली. मूल कीमत ₹ 180
₹215* सिर्फ गुरुजी केसरिया ठंडाई 500 मि.ली. मूल कीमत ₹ 315
फूड, स्नॅक्स और अन्य सामग्री
₹160* सिर्फ मालाज़् रोज़ सिरप 1 ली मूल कीमत ₹ 230
₹70* सिर्फ मिरिंडा ऑरेंज बोतल 2 ली मूल कीमत ₹ 100
₹179* सिर्फ ग्लूकॉन डी ऑरेंज रीफिल 450 ग्राम मूल कीमत ₹ 219
₹139* सिर्फ वंडरलैंड किशमिश 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 300
₹439* सिर्फ वंडरलैंड काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 770
₹399* सिर्फ नटराज पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त एपिस क्लासिक खजूर 500 ग्राम मूल कीमत ₹199*
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस् बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 150*
₹99* सिर्फ मैगी मसाला नूडल्स 560 ग्राम मूल कीमत ₹ 120
₹155* सिर्फ राजम गार्लिक मिक्सचर 800 ग्राम मूल कीमत ₹ 220
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पावक नॅचरल गुड़ जार 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 110*
₹299* सिर्फ दावत हेरिटेज बासमती चावल 5 किलो मूल कीमत ₹ 600
₹92* सिर्फ पिअर्स प्यूअर एन्ड जेन्टल बॉडी वॉश 250 मि.ली. मूल कीमत ₹ 140
₹599* सिर्फ सर्फ एक्सेल इज़ी वॉश डिटर्जेंट पाउडर 5 किलो मूल कीमत ₹ 770
पर्सनल केयर
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त बेला वीटा परफ्यूम गिफ्ट पॅक पुरुष/महिला/युनिसेक्स 4x20 मि.ली. मूल कीमत ₹ 649*
₹119* सिर्फ डर्मी कूल लैवेंडर/मेंथोल रेग्युलर प्रिकली हीट पाउडर 150 ग्राम मूल कीमत ₹ 149
₹122* सिर्फ पैराशूट नारियल तेल 300 मि.ली. मूल कीमत ₹ 154
₹69* सिर्फ सॅवलॉन सॉफ्ट प्रोटेक्ट हैंडवॉश पाउच 700 मि.ली. मूल कीमत ₹ 99
₹260* सिर्फ लोटस् जेल क्रीम SPF25 PA+++ 60 ग्राम मूल कीमत ₹ 460
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त हिमालया प्युरिफाइंग नीम फेस वॉश 200 मि.ली. मूल कीमत ₹ 325*
₹105* सिर्फ जो लाइम सोप 4x150 ग्रॅम प्रति मूल कीमत ₹ 175
ग्रोसरी
₹45* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹73* सिर्फ लूज़ चना दाल 1 किलो
₹112* सिर्फ लूज़ लातूर तूअरदाल 1 किलो
₹62* सिर्फ लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो
₹70* सिर्फ लूज़ बिरयानी चावल 1 किलो
₹34* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹44* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो
₹72* सिर्फ लूज़ बेसन 1 किलो
₹39* सिर्फ लूज़ मैदा 1 किलो
₹123* सिर्फ लूज़ मूंगफली 1 किलो
₹55* सिर्फ गुड़ प्रीमियम 900 ग्राम मूल कीमत ₹ 90
₹389* सिर्फ स्वाद बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 573
₹409* सिर्फ स्वाद काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 616
₹389* सिर्फ स्वाद पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 530
₹129* सिर्फ इंडियन किशमिश 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 211
₹239* सिर्फ मिक्स ड्रायफ्रूट्स 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 379
₹39/₹95* सिर्फ इलायची ग्रीन ईको 10 ग्राम/25 ग्राम मूल कीमत ₹ 61/₹ 146
होम और किचन
₹29** से आगे मेलामाइन ट्रे 19 सेमी x 14 सेमी
₹59** से आगे जूस मग 400 मि.ली.
₹59** सिर्फ ओपलवेअर प्लेन प्लेट डायमीटर: 27 सेमी मूल कीमत ₹ 100
₹99* से आगे सिरॅमिक मग 6 पीस सेट 140 मि.ली. प्रति पीस
₹21** से आगे प्लास्टिक वॉटर बॉटल 780 मि.ली.
₹99** से आगे बकेट 16 ली
₹99* सिर्फ डॉटेड ग्लास 6 पीस सेट 210 मि.ली. प्रति पीस मूल कीमत ₹ 230
₹249* सिर्फ प्लास्टिक कंटेनर्स 5,7,10 ली 3 पीस सेट मूल कीमत ₹ 350
₹249** सिर्फ वेलस्पन बाथ टावल 70 सेमी x 140 सेमी मूल कीमत ₹ 285
₹29** से आगे ग्लास जार 250 मि.ली.
₹179** सिर्फ क्रिसलॉन नॉन स्टिक कढ़ाई 165 मि.मी. मूल कीमत ₹220
₹1,549** सिर्फ बटरफ्लाय स्टेनलेस स्टील कुकर 3 ली मूल कीमत ₹ 3,646
गारमेंट्स
₹79*# से आगे बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी शर्ट
₹99*# से आगे मेन्स टी शर्ट
₹149*# से आगे मेन्स शॉर्ट्स
₹149*# से आगे वूमन्स टॉप
₹199*# से आगे वूमन्स कुर्ता
₹199*# से आगे मेन्स प्रिंटेड शर्ट
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
** सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देशों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. • ^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/03/25

8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती सोनल बाजपेयी
डायरेक्टर
एन.बी.आई.एस., राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मोहनी युवराज ढीडहेर
पार्षद, वार्ड क्र. 34 कन्हारपुरी, राजनांदगांव

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## नारी शक्ति को नमन...

8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. शिल्पा मिश्रा
जिला आयुष अधिकारी, राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती प्रमिला बरापात्रे
समाजसेवी
शांतिनगर, राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. अंजना ठाकुर
प्राचार्य, नवीन महाविद्यालय, अर्जुनी, डोंगरगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. सुषमा कुमरे
स्त्री रोग विशेषज्ञ
लालबाग, राजनांदगांव

8th March

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर
अध्यक्ष, जनपद पंचायत, राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती ललिता गायकवाड़
सरपंच, ग्राम पंचायत लिटिया, राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन विभाग
राजनांदगांव

8th March अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8th March
पर सदैव मानव जाति के लिए
त्याग, बलिदान, स्नेह, श्रद्धा, धैर्य सहिष्णुता का
जीवन बीताने वाली महिला शक्ति को
हृदय की गहराईयों से प्रणाम...
चुनेश्वरी देशमुख
सरपंच, ग्रा.पं. फुलझर
हरिशंकर देशमुख
भाजपा नेता

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती निर्मला उमरे
प्राचार्य, शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव

8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती श्रुति लोकेश जैन
पार्षद, वार्ड नं. 5, चिखली, राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. प्राची साहू
राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
अतरराष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
किरण वैष्णव
अध्यक्ष
जिला पंचायत
राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कुदरत का अनमोल तोहफा है नारी,
नारी के मान से ही देश का सम्मान है।
कुदरत की अद्‌भुत योजनाओं को पूरा
करने के लिए नारी का जन्म हुआ है।
नारी को कमजोर मत समझना
वो आपका भाग्य बदल सकती है।
सीधाई, खराई और सच्चाई
उसकी ताकत है।

नारी वो शक्ति है जो किसी भी परिस्थिति
पर हार नहीं मानती, कभी माँ बन कर,
कभी बहन बनकर, कभी पत्नी बन कर
अपना फर्ज निभाती है।
नारी हर मार्ग में प्रथम है, जैसे हमारी
महान झाँसी की रानी, रानी दुर्गावती,
मदर टेरेसा और हमारी इंदिरा गांधी जी
जो हमारी शान है।

मैं आबेदा अहमद अपनी सारी बहनों को ये संदेश देना चाहती हूँ कि अपनी हिम्मत, ताकत और हौसलों के साथ आगे बढ़े और नए विश्व का निर्माण करें....

मैं अपनी बहनों से चार पंक्तियाँ कहना चाहूँगी

नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नग पद तल में।
पीयूष स्रोत सी बहा करो,
जीवन के सुंदर समतल में।।

आबेदा अहमद
राजनांदगांव

# सांसद पांडे की अनुशंसा पर करोड़ों के फोरलेन उच्च स्तरीय पुल, जलाशय जीर्णोद्धार स्वीकृत

## हादसों में कमी आएगी और आर्थिक विकास के खुलेंगें द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव-खैरागढ़ के बीच सड़क सकरा होने और पेड़ो की वजह से होने वाले हादसों में कमी आएगी और आर्थिक विकास के द्वार भी खुलेंगें। सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने नवीन बजट में राजनांदगांव-खैरागढ़ फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति दी है।



सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने बताया कि राजनांदगांव-खैरागढ़ 30.40 किमी सड़क फोरलेन निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ के आंशिक 80 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। वहीं खैरागढ़ शहरी क्षेत्र के 3 किमी व गंडई शहरी क्षेत्र के 3 किमी में फोरलेन निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ के आंशिक 80 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। खैरागढ़ डोंगरगढ़ बीटी रिनिवल कार्य 18 किमी के लिए कुल लागत 5 करोड़ 40 लाख के आंशिक 1 करोड़ 8 लाख का आंशिक प्रावधान किया गया है।

खैरागढ़ लांजी मार्ग 7 किमी की मजबूतीकरण के लिए कुल लागत 6 करोड़ 30 लाख के आंशिक 1 करोड़ 26 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। इसी तरह दाऊचौरा-खैरागढ़-ढारा सडक़ चौड़ीकरण के 10 किमी के लिए कुल लागत 5 करोड़ में से 1 करोड़ का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। बेलगांव से मोहगांव 5 किमी सड़क निर्माण के लिए 5 करोड़ में से 1 करोड़ व कामठा हरदी सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ में से 60 लाख प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। बड़ी संख्या में विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने में पर विक्रांत सिह, कोमल जंघेल, खम्मन ताम्रकार, डॉ बिसेसर साहू, घम्मन साहू, राकेश गुप्ता, बिशेसर साहू, प्रेम नारायण चंद्राकर, रामाधार रजक, टीके चंदेल, लिमेश्वरी साहू, हेमू साहू, टिलेश्वर साहू, लक्ष्मीचंद आहूजा, राजीव चंद्राकर, नीलिमा गोश्वामी, विक्रांत चंद्राकर, आयश सिंह, आलोक श्रीवास सहित जिला पंचायत सदस्यों, जनपद सदस्यों सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,वित्त मंत्री ओपी चौधरी व सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया हैं। बघमर्रा से करमतरा मार्ग में उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए कुल लागत 3 करोड़ 43 लाख में से 68.60 हजार, धनगांव गोदरी मार्ग पर आमनेर में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए कुल लागत 5 करोड़ 57 लाख 55 हजार में से 1 करोड़ 11 लाख 51 हजार, मानपुर पहाड़ी से मोहगांव में जंगलपुर नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ 20 लाख में से 84 लाख का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है।

दुर्ग जालबांधा मार्ग के कुलही नदी पर पुल निर्माण के लिए 4 करोड़ 11 लाख 54 हजार कुल लागत में से 82 लाख 31 हजार का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। घिरघोली नाला पुल निर्माण 3 करोड़ 47 लाख 41 हजार में से 69 लाख 48 हजार व सुरही नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के कुल लागत 2 करोड़ 73 लाख में से 54 लाख 60 हजार व गंडई-लिमो-दुल्लापुर में कर्रानाला पर कुल लागत 2 करोड़ 52 लाख में से 50 लाख 40 हजार का प्रारंभिक प्रावधान उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए लिया गया है।

### होगा टिकरापारा पुल का निर्माण

बाढ़ के दौरान शहर से कट जाने वाले टिकरापारा वार्ड के रहवासियों को भी राहत मिलने वाली है। सांसद पांडेय की अनुशंसा पर राज्य शासन ने खैरागढ़ अकरजन मार्ग पर मोतीनाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के कुल लागत 4 करोड़ 71 लाख 77 में से 94 लाख 35 हजार का प्रावधान वर्तमान बजट में प्रारम्भिक रूप से किया है। वही पिपरिया जलाशय परियोजना अंतर्गत शीर्ष कार्य, वेस्ट वियर का जीर्णोद्धार, उन्नयन और सुदृढ़ीकरण कार्य, पिपरिया कालोनी व पैलीमेटा स्थित आवासीय भवनों, कार्यालयों व छुईखदान सहित पिपरिया जलाशय में स्थित निरीक्षण कुटीर का जीर्णोद्धार कार्य की अनुमानित लागत 28 करोड़ है। जिस पर इस वर्ष 20 लाख का व्यय संभावित है। रूसे जलाशय मध्यम परियोजना अंतर्गत शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, मुख्य नहर आरडी 0 मी. से 15920 मी के बैंकों की ऊंचाई बढ़ाने रिमाडलिंग, सीलाइनिंग सहित सभी सरंचनाओ के रिमाडलिंग, वेस्ट वियर जीर्णोद्धार, पिचिंग व उन्नयन कार्य की अनुमानित लागत 30 करोड़ है। जिस पर इस वर्ष 1 करोड़ का व्यय संभावित है जिसे देखते हुए नवीन मद में 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पंडरिया जलाशय योजना के आरबीसी मुख्य नहर के विस्तार, आरसीसी ट्रप निर्माण, ग्राम तेंदूभाठा से दनिया तक की अनुमानित लागत 250.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 40.00 लाख का व्यय संभावित है। सारंगपुर जलाशय से ग्राम पचपेड़ी तक अंडरग्राउंड व ओपन फीडर नहर निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 950 लाख है। जिस पर इस वर्ष 40 लाख का व्यय संभावित है। सूरही नदी पर एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 700 लाख है। जिस पर इस वर्ष 50 लाख का व्यय संभावित है। मोतीनाला पर हरदी एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 300 लाख है। जिस पर इस वर्ष 50 लाख का व्यय संभावित है। आमनेर डायवर्सन अतंर्गत फीडर मुख्य नहर का विस्तारी निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 3500 लाख है। जिस पर इस वर्ष 80 लाख का व्यय संभावित है। जिले के कुकरापाट जलाशय एवं नहरों का निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 17900 लाख है। जिस पर इस वर्ष 80 लाख का व्यय संभावित है।

### इन कार्यों की भी मिली स्वीकृति

धनेली से देवारीभाट गौठान होते हुए भरदाकला बढ़ईटोला पहुँच मार्ग लागत 21 करोड, कामठा से हरदी पहुँच मार्ग लागत 3 करोड़, श्यामपुर से बकरकट्टा पहुँच मार्ग लागत 25 करोड़, काशीटोला से ढाप पहुँच मार्ग लागत 4 करोड़, भोथली से बकरकट्टा पहुंच मार्ग लागत 13 करोड़, भीमपुरी से बोरई पहुँच मार्ग लागत 3 करोड़, गंडई पंडरिया से दौजरी मार्ग लागत 4 करोड़, करमतरा से घुमर्रा पहुंच मार्ग लागत 5 करोड़, अतरिया मेन रोड से भोरमपुर मार्ग लागत 2.25 करोड़, खैरागढ़ से लांजी मार्ग 6.30 करोड़, दाऊचौरा से ढारा पहुंच मार्ग 5 करोड़, सोनेसरार से औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पहुंच मार्ग 1.45 करोड़, खैरागढ़ शहर मे नाली निर्माण 40 लाख, छुईखदान, उदयपुर बुंदेली मार्ग उन्नतिकरण व पुनर्निर्माण के लिए 59.67 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह जिला शासकीय भवन को लेकर खैरागढ़ मे 1 जीएडी क्वाटर निर्माण 3.33 करोड़, शासकीय पॉलिटेक्निक शाला अतिरिक्त भवन निर्माण 30 लाख, कन्या महाविद्यालय भवन निर्माण खैरागढ़ लागत 2 करोड़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन चंदैनी लागत 1.21 करोड़, संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण लागत 3.81 करोड़, सैनिक बैरक भवन निर्माण लागत 1.05 करोड़, खैरागढ़ और छुईखदान में न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डी, ई व फ टाइप आवासीय भवन निर्माण, छुईखदान न्यायालय में सीसी टीवी व कैमरा स्थापना, छुईखदान में मॉडल उप पंजीयक भवन निर्माण लागत 80 लाख, सर्किट हाउस निर्माण लागत 4 करोड़, साल्हेवारा में विश्राम गृह निर्माण लागत 1.20 करोड़, छुईखदान व गंडई रेस्ट हाउस में 3-3 अतिरिक्त कमरा निर्माण लागत 1-1 करोड़ सहित छुईखदान मे 2 नग एच टाइप, 2 नग एफ टाइप आवासीय भवन निर्माण के लिए बजट में 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# पीएम आवास योजना के प्रगति की समीक्षा

- समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महात्मा गांधी-नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 15 मार्च के लक्ष्य के अनुरूप जिन मकानों का कार्य छत स्तर पूर्ण एवं प्लास्टर लेबल पर है, उस कार्य को नोडल वाईस कार्य योजना बनाकर हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करने के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किश्त प्राप्त होने के बाद भी आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते आगामी सप्ताह तक सभी आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 30 मार्च को वृहद रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके आवास में गृह प्रवेश कराया जाएगा। जिसके लिए जनपद पंचायतों के सीईओ को तत्काल कार्ययोजना बनाकर अपूर्ण आवास निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आर्थिक एवं सामाजिक गणना में छूट हुए पात्र एवं वंचित हितग्राहियों को आगामी सर्वे में 2.0 एप के माध्यम से हितग्रहियों को लाभ दिलाने तथा इसके लिए प्रगणक के रूप में सचिव और सेल्फ सर्विस भी करने को कहा। बैठक में महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई और उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया। बैठक में वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी संबंधित अधिकारी शामिल हुए ।



### 14 को होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव**। आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा 14 मार्च 2025 को होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाएगा) पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने शुष्क दिवस पर जिले के सभी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार क्लब एवं मद्य भंडारण-भांडागार को संपूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082


















## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा जारी

**पटेवा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा केन्द्राध्यक्ष मोहम्मद राजी कुरैशी के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। बारहवीं की परीक्षा में 174 एवं दसवीं की परीक्षा में 204 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। गत 5 मार्च को दसवीं के अंग्रेजी के पेपर के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य प्रकाश यादव ने निरीक्षण किया। जांच में नकल प्रकरण नहीं पाया गया।



### शीला सोनी के कार्यक्रम का प्रसारण आज

**घुमका।** राज्यपाल से पुरस्कृत पूर्व माध्यमिक शाला अउरदा की प्रधानपाठिका शीला सोनी के कार्यों का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से कल घर आँगन कार्यक्रम में प्रसारित किया जाएगा। गत दिनों स्टूडियो मे संध्या गनिहा ने श्रीमती सोनी का साक्षात्कार रिकार्ड किया था।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम प्रसारण दोपहर 1:30 बजे से किया जायेगा। श्रीमती सोनी महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सक्रियता से काम कर रही है।



### किसान जागरूकता कार्यक्रम आज

**डोंगरगांव।** समीपवर्ती ग्राम साल्हे में कल 8 मार्च को जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ऑल वेलेंटरी एसोसिशन फाउंडेशन एवं सृष्टि पूजा फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा किया गया है। किसानों को जागरूक करने और जनप्रतिनिधियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। स्वागत के बाद किसान उत्पादक संगठन से जुड़ने की प्रक्रिया, मिट्टी जांच की महत्ता और किसान कल्याण से जुड़े विषयों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में आसपास के 10 गाँवों के किसानों और जनप्रतिनिधियों शामिल होंगे। आयोजकों ने किसानों, जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### नियुक्ति के बाद भी आंगनबाड़ी बंद

**कहगांव।** आंगनबाड़ी केंद्र बोगरेपारा सिवनी में लभग चार पांच महीने पहले आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति की गई है किन्तु गांव के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र नही जा रहे है। करीब पांच महीने से यही स्थिति बनी रहने के बाद भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही नही किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामवासियों ने आवेदन देकर नियुक्ति पर आपत्ति दर्ज कराया था। ग्रामीणों के अनुसार सहायिका की नियुक्ति आदिवासी होने के कारण की गई जबकि उसने ईसाई धर्म अपना लिया है। ग्रामवासियों के साथ खानपान बंद है।



### विद्यार्थियों को बताया हाथ धोने का तरीका

**सुकुलदैहान।** स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान में स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त मयुख श्रीवास्तव के नेतृत्व एवं प्राचार्य डॉ सजीला झा के मार्गदर्शन में गाइड प्रभारी शीला गुप्ता एवं सरस्वती लाटा ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं हाथ धोने का सही तरीका बताया। उन्होंने हाथ धोने के सात स्टेप्स बताए। इस अवसर पर मुन्नालाल साहू ने गीत के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रवीण साव, तरनदीप अरोरा, राजीव द्विवेदी, उत्तम निषाद, अंकित कमलेश्वर एवं जयंत साहू आदि शामिल हुए।



### यादव ठेठवार समाज छग की तीसरी समरसता यात्रा

**खैरागढ़।** यादव ठेठवार समाज के पांडादाह राज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं प्रान्त कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ में शिक्षा विभाग के प्रमुख राजू यादव ने बताया कि ठेठवार समाज छत्तीसगढ़ के समस्त यादव बंधुओ में समरसता स्थापित करने ,मेल मिलाप करने एवं सामाजिक स्थिति की डोर को मजवूत बनाने के लिए निरंतर छत्तीसगढ़ में समरसता यात्रा निकाली जा रही है ,जिसके प्रथम चरण में बस्तर द्वितीय चरण में सरगुजा की यात्रा की गई जिसमे उस क्षेत्र के यादव बंधुओ के द्वारा उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया ,उसी कड़ी में तीसरी समरसता यात्रा 22 मार्च को रायपुर से धमधा, खैरागढ़, पांडादाह होते हुए लांजी, कन्या भेड़ाघाट कवर्धा, गंडई, व छुईखदान के ठेठवार बंधुओं से मेल मिलाप करते हुए आगे बढ़ेगी। जिसके स्वागत के लिए इस क्षेत्र के ठेठवार बंधुओं में खुशी व उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसमें खैरागढ़, पांडादाह, लांजी, कन्या कवर्धा, गंडई आदि जगहों पर मंचीय कार्यक्रम करते हुए समाज कल्याण व एकजुटता बनाए रखने के बारे में चर्चा की जाएगी।

### युगांतर के दो विद्यार्थी प्रथम प्रयास में सफल

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों ने सीए इंटरमीडिएट एक्जाम के दोनों ग्रुप में प्रथम प्रयास में ही शानदार सफलता अर्जित की है। इनमें सीबीएसई 12वीं बोर्ड विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त दीशिका मोटलानी तथा मौलिक जैन ने इस एक्जाम में उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ एक उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इन विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया। इन विद्यार्थियों ने तरूण महापात्रा व भावा रमेश के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता अर्जित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने उक्त विद्यार्थियों को बधाई दी।





### निधन



**इंदू पचपोरे**

**डोंगरगढ़।** प्रतिष्ठित नागरिक श्रीमती इंदू पचपोरे (दिवाले मैडम) विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। जिनका आज रायपुर में देहावसान हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शनिवार को डोंगरगढ़ के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

### लूट की झूठी कहानी रची, वर्कर ही निकले आरोपी

# मालिक की डांट और पैसे के लालच में वारदात को दिया अंजाम

## पुलिस ने किया मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मालिक के डॉट और पैसो की लालच के चलते वर्कर ने ही रुपए भरे बैंग को प्लानिंग के साथ छिपा दिया और अपने मालिक को लूट की झूठी कहानी बताई। इस मामले की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 मार्च की रात्रि प्रार्थी स्वप्निल गुप्ता 36 वर्ष निवासी गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके वर्कर मारूती कैरी माल वाहन में डोंगरगढ़ के व्यापारी गोविंद कन्हैया के पास लायचीदाना छोड़ने आए थे, जहां से व्यापार का पैसा नगद 101000 रुपए को लेकर वापस राजनांदगांव जा रहे थे, तभी प्रज्ञागिरी रोड हनुमान मंदिर के सामने डोंगरगढ़ के पास 4 अज्ञात व्यक्ति कार में आकर मारूती कैरी माल वाहन को ओवरटेक कर गाड़ी को रोककर दोनों वकरों को चाकू दिखाकर गाड़ी को तोड़फोड़, मारपीट कर 101000 रुपए से भरा बैग एवं मोबाइल फोन को लूटकर भाग गए है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा-309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**रुपए व मोबाइल बरामद**


दोनों वर्करों के निशानदेही में प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर पहाड़ी के पास से एक बैग में रखे नगदी रकम 101000 रुपए एवं मोबाइल को बरामद किया गया। प्रकरण के आरोपी धनराज सिन्हा 22 साल शिवनगर राजनांदगांव एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध धारा- 309(4), 316(4), 324(4) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते आरोपी धनराज सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। विधि से संघर्षरत बालक को बाल न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया है।

**सेठ को झूठी कहानी सुनाया**

इस मामले में पुलिस आरोपी की पता तलाश के लिए प्रार्थी के वर्कर धनराज सिन्हा एवं धनराज सिन्हा के भांजा से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया। दोनों गोल-मोल जवाब देने लगे, जिस पर पुलिस को संदेह होने पर दोनों से बारिकी से पूछताछ करने पर पता चला कि 4 मार्च को प्रार्थी के बड़े भाई अंकित गुप्ता के साथ काम को लेकर दोनों वर्करों की कहा-सुनी हुआ था। जिससे दोनों वर्कर गुस्से में थे। 5 मार्च को दोनों लायचीदाना लोड़कर डोंगरगढ़ लाए, जहां से माल छोड़कर माल का नगदी रकम 101000 रुपए लेकर वापस राजनांदगांव जाते समय लूट की झूठी कहानी बनाकर रात्रि लगभग 8 बजे सूनसान जगह प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर डोंगरगढ़ रोड किनारे के पास गाड़ी खड़ी कर गाड़ी का कांच तोड़कर एक बैग में रखे नगदी रकम एवं एक नग मोबाइल को प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर पहाड़ी के पास छुपा दिए थे। राजनांदगांव जाकर अपने सेठ को घटना की झूठी कहानी बताया।

---

# विद्युत विकास कार्यों के लिए मिली 5 करोड़ की स्वीकृति



- जिले के 30 हजार किसानों-उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में विद्युत विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 19 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे ग्रामीण अंचलों में विद्यमान विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता आवर्धन तथा अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों के स्थापना कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंधन द्वारा विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यों से लगभग राजनांदगांव जिले के लगभग 30 हजार किसानों एवं उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष शैलेट ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले के अंतर्गत मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत अरसीटोला, खुज्जी, मुसराकला, मेढ़ा एवं चारभांटा में विद्यमान उपकेन्द्रों में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना तथा पॉवर ट्रांसफामरों की क्षमता 3.15 एमव्हीए से 5 एमव्हीए में वृद्धि के कार्यों के लिए 5 करोड़ 19 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से राजनांदगांव जिले के लगभग 30 हजार किसानों एवं उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

---

# गैंदकुंवर के जनपद अध्यक्ष बनने पर अंचल में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहला क्षेत्र के मुरेर गांव की रहने वाली गैंदकुंवर ठाकुर को जनपद पंचायत मोहला के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मोहला ब्लॉक सहित समस्त वनांचल एवं आदिवासी समाज में हर्ष व्याप्त है। ज्ञातव्य हो कि मुरेर गांव से वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत मार्री का पहली बार सरपंच एवं अभी हाल में संपन्न त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में जनपद सदस्य उसके पश्चात जनपद अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल हुआ है। जनपद अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात गैंदकुंवर ठाकुर का गांव पहुंचने पर गांव के प्रत्येक परिवार के लोगों ने उनका आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत किया।

नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने बताया कि वह बहुत ही साधारण एवं छोटे परिवार से ताल्लुक रखती है। उन्होंने बताया कि गांव के बुजुर्ग बताया करते थे कि उनके ससुर स्व. झगरूराम कभी अपने जीविकोपार्जन के लिए दूसरे के यहां नौकर लगा करते थे। इसके अलावा जब उनके पति मात्र 4 माह के थे, तो उनकी सास का आकस्मिक निधन हो गया था। जिसके फलस्वरूप उनके परिवार को घोर गरीबी एवं विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन वर्तमान में शिक्षा और संघर्ष के कारण उनके परिवार की स्थिति में सुधार हुआ है। वर्तमान में उनके पति बंशीलाल ठाकुर ग्राम पंचायत सचिव के पद पर मंडावीटोला में पदस्थ हैं।

उसके पति के बड़े भाई रामजी लाल ठाकुर प्रधान पाठक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसके साथ ही उनका बड़ा भतीजा चंद्रेश ठाकुर लोक सेवा आयोग के माध्यम से जनसंपर्क विभाग में सहायक संचालक पद पर चयनित होकर वर्तमान में बालोद में पदस्थ है। इसके साथ ही उनके दो भतीजी भी शिक्षिका के पद पर पदस्थ है।

---

# अप्रैल में पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता

## दूधिया रौशनी में होगा क्रिकेट का महामुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के मैदान में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रात्रिकालीन होने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक एवं आयोजन समिति के उपाध्यक्ष मोहित गर्ग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपत सिंह साहू उपस्थित थे।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि पी-4 सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का पांचवां वर्ष है। उन्होंने प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह को देखते प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अपने आप में अनूठा है। जिसमें सभी नागरिकों की भागीदारी रहती है और लोगों को इस प्रतियोगिता का इंतजार रहता है। खिलाड़ी अपनी हार से मायूस नहीं होते एवं जीत से अंहकार में नहीं डूबते है, केवल खेल भावना व सद्भावना से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एक पहचान के साथ ही लंबे समय तक सुचारू रूप से चलता रहे।

एसपी श्री गर्ग ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों व टीमों को बधाई देते कहा कि यह आयोजन का मुख्य उद्देश्य सद्भावना है, जो मैदान पर भी स्पष्ट दिखती है। इसी कारण यह पांचवें वर्ष पर प्रवेश कर रहा है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपत सिंह साहू (सीजेएम) ने कहा कि पी-4 जैसा आयोजन वास्तविक रूप में कहीं अन्य जगहों पर देखने नहीं मिलता है। यह शुद्ध रूप से आपसी सामंजस्य सद्भावना व खेल भावना को परिपक्व करता है और प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को बेहद आनंदित करता है।

संयुक्त कलेक्टर एवं आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष खेमलाल वर्मा ने पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2025 के आयोजन के संबंध में बैठक में उपस्थित सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी। क्रिकेट प्रतियोगिता अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में आठ दिवसीय कराने तैयारियां प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के आयोजन में 10 टीमों के स्थान पर 12 टीमों को प्रवेश दिया गया है। जिनके बीच तीन पूल ए, बी, सी, बनाकर लीग राऊंड के मैच खेले जाएंगे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र मिश्रा, अशोक पाण्डे, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, ईडीएम सौरभ मिश्रा, उपायुक्त मोबिन अली, जिला क्रिकेट संघ के सचिव योगेश बागड़ी सहित आयोजन समिति से जुड़े प्रमोद शेंडे, गणेश प्रसाद शर्मा (गन्नू), कमलेश सिमनकर, शरद श्रीवास्तव, रमेश डाकलिया, कुलबीर सिंह छाबड़ा, सुनील श्रीवास्तव, रूपेश दुबे, तीरथगिरी गोस्वामी, राम ठक्कर, खनिज विभाग के विरेन्द्र बंजारे, पीडब्ल्यूडी से राजशेखर मेश्राम, लाल मुनाई, अशोक श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, महेन्द्र सोनी, गोपी चौधरी, चंद्रकिरण, मयंक पाल, अशोक रजक, विरेन्द्र मेश्राम, सुमित कुमार चौरसिया, अशोक साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**नियमों में कुछ परिवर्तन**

प्रतियोगिता में इस बार जिन टीमों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें गत वर्ष की विजेता टीम पुलिस इलेवन, उप-विजेता प्रशासन इलेवन, नागरिक इलेवन ए, प्रेस क्लब, न्यायालय इलेवन, नगर निगम इलेवन, नागरिक इलेवन बी, डॉक्टर इलेवन, नागरिक इलेवन सी के अलावा फॉरेस्ट इलेवन और इंजीनियर इलेवन को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। श्री वर्मा ने कहा कि 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के साथ ही खेलप्रेमियों में भी रोमांच व उत्साह पैदा किए हुए हैं। इस वर्ष नियमों में परिवर्तन करते बल्लेबाज दस गेंद की बल्लेबाजी करने के बाद रिटायर्ड-हर्ड होगा और प्रत्येक ओवर की पहले गेंद पर छक्का मार सकेगा, अन्य गेंदों पर छक्का मारने पर बल्लेबाज को एक रन मिलेगा। बाइ एवं लेग बाइ का रन मिलेगा, लेकिन एलबीडब्ल्यू आऊट नहीं होगा। लीग मैच 8-8 ओवर के खेले जाएंगे और आठ गेंदबाजों को गेंदबाजी करनी होगी। सेमीफायनल व फाइनल मैच 10-10 ओवर का होगा।

---

### हीरामोती वार्ड में हुआ कार्यक्रम

# महिला जागृति शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




वार्ड नंबर 39 हीरामोती वार्ड में गुरुवार को महिला जागृति शिविर व सशक्त नारी सशक्त समाज का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि आज का दिन महिला दिवस विशेष दिन है, पर नारी का सम्मान सदैव होना चाहिए, जो स्वयं शक्ति स्वरूपा है। भारतीय संस्कृति ने शक्ति स्वरूपा नारी को पूज्य माना है। वहीं नए दौर ने यह सम्मान एक दिवस विशेष तक सीमित कर दिया है, परंतु नारी में वह शक्ति छुपी होती है, जो सीमित संसाधनों के साथ बुलंदियों को छूने की ताकत रखती है। उन्होंने कहा कि ख्यालों को आजाद करो, पर संस्कारों से बंधकर रहो। पार्षद सतीश साहू द्वारा शिक्षा के संबंध में जानकारी देते लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

पार्षद केवरा विजय राय ने महिलाओं के हक की जानकारी देते उनके हक के प्रति जागरूक किया। डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा के विषय में बताया। साथ ही महिलाओं से अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया। तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं को उपहार स्वरूप श्रृंगार सामग्री दी गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई व छह माह पूर्ण किए बच्चों का अन्नप्रासन की रस्म अदा की गई। साथ ही गंभीर कुपोषित बच्चों और गर्भवती माताओं को सुपोषण किट वितरण किया गया। महिला बाल विकास केंद्र की सुपरवाइजर सुनीता सोनपिपरे ने बाल विवाह से होने वाले नुकसान को बताते सही उम्र में ही विवाह करने लोगों को आह्वान किया गया। साथ ही बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मीना यादव, बलवंत साव, मूलचंद भंसाली, रितेश देवांगन, उत्तम कोशरिया, कांति सिन्हा एवं अन्य वार्डवासी शामिल थे।

---

# पवन, गोवर्धन और जितेन्द्र को प्रसार-प्रसार का जिम्मा



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज जिला राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष शिव डड़सेना की अनुशंसा में समाज के सक्रिय युवाओं को महत्व दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्तर के पत्रकार गोवर्धन सिन्हा (जामरी) को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से समाज के खबरों का जिला मीडिया प्रभारी प्रचार-प्रसार करने का जिम्मा दिया गया है। वहीं पवन सिन्हा (चिचोला) को प्रिंट मीडिया के माध्यम से जिला प्रचार-प्रसार मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। सोशल मीडिया का जमाना भी चरम सीमा पर है। इसे देखते पत्रकार जितेन्द्र सिन्हा (सांगिनकछार) को जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। पदाधिकारियों को कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने शपथ दिलाई। मनोनीत पदाधिकारियों को समाज के पदाधिकारियों ने बधाई दी ।



अनंत बधाई
महापौर मा. मधुसूदन यादव जी
जिपं अध्यक्ष मा. किरण वैष्णव जी
अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव मा. अंजू त्रिपाठी
एवं महिला दिवस की सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल जैन
सीए, डोंगरगांव
हिना जैन
सीए, डोंगरगांव




बधाई
डोंगरगांव नगर पंचायत
की नव निर्वाचित अध्यक्ष
अंजू त्रिपाठी
एवं सभी पार्षदों को
पदभार ग्रहण करने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
सौजन्य : सिद्धी विनायक ग्रुप, कालेज रोड़ डोंगरगांव
अंजू त्रिपाठी
नव निर्वाचित अध्यक्ष




शपथ ग्रहण
समारोह
दिनांक : 08 मार्च 2025, शनिवार
समय : दोप.12 बजे से...
स्थान : पुराना बस स्टैण्ड, डोंगरगाँव
अंजू त्रिपाठी
अध्यक्ष, नगर पंचायत
नवनिर्वाचित पार्षदगण
वार्ड प्रभारी
विनीत : मंडल भारतीय जनता पार्टी, डोंगरगाँव




WORLD WOMEN DAY
8
विश्व महिला दिवस
की समस्त नारी शक्ति
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
श्रीमती ज्योति जंघेल
जनपद सदस्य, पण्डरिया
जनपद पंचायत, छुईखदान
श्रीमती जानकी तामेश्वर जंघेल
सरपंच, ग्रा.पं. पण्डरिया
जनपद पंचायत, छुईखदान




WORLD WOMEN DAY
8
विश्व महिला दिवस
की समस्त नारी शक्ति
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
श्रीमती
सुमरित उत्तम जंघेल
जनपद सदस्य,
क्षेत्र क्र. 21 विचारपुर
जनपद पंचायत, छुईखदान




WORLD WOMEN DAY
8
विश्व महिला दिवस
की समस्त नारी शक्ति
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
श्रीमती
सोनम लोमश वैष्णव
सरपंच
ग्राम पंचायत सड़क अतरिया
जनपद पंचायत, छुईखदान




8th March
विश्व महिला दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
8th March
जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 01 से ऐतिहासिक जीत पर
श्रीमती हेमलता मंडावी जी
को हार्दिक बधाई...
स्नेहिल मतदाताओं का
हृदय से आभार
श्रीमती हेमलता मंडावी
जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 01, जिला के.सी.जी.
विनीत : समस्त क्षेत्रवासी जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 01
साल्हेवारा, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई




WORLD WOMEN DAY
8
विश्व महिला दिवस
की समस्त नारी शक्ति
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार
अध्यक्ष, जिला पंचायत
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई


नगर पालिक निगम राजनांदगांव
शपथ ग्रहण समारोह-2025
नगर पालिक निगम राजनांदगांव
BALRAMDAS TOWN HALL
नगर निगम राजनांदगांव के
नवनिर्वाचित महापौर
एवं पार्षदगणों
के
शपथ ग्रहण समारोह
में पधारे समस्त सम्माननीय अतिथियों का
हार्दिक स्वागत
अभिनंदन
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.2
सावन वर्मा
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.10
शिव वर्मा
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.12
संदीप बघेल
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.17
संतोष पिल्ले
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.21
बीना बाई ध्रुव
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.23
राजा माखिजा
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.24
शैंकी बग्गा
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.45
दुरेन्द्र साहू
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.46
हेमंत यादव
नवनिर्वाचित पार्षद
वार्ड क्र.47
आलोक श्रोती

## रेलवे निरीक्षक तरूणा सहज रही संस्कृति

# 9 साल की उम्र में तीजनबाई से सीखी पंडवानी दिल्ली-आयोध्या सहित पांच राज्य में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सभी सरकार अपनी धरोहर के संवर्धन और संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। इस दिशा में कई व्यक्तिगत हस्तियों का भी महत्वपूर्ण प्रयास देखने को मिलता रहा है। ऐसे ही छत्तीसगढ़ की प्राचीनतम धरोहर में से एक पंडवानी को सहेजने और देश-विदेश तक पहुंचाने की दिशा में आरपीएफ की निरीक्षक तरूणा साहू कार्य कर रही है।

प्रदेश के सुदूर अंचल नगरी स्थित गिधावा में जन्म लेने वाली तरूणा ने महज 9 साल की उम्र में पद्मश्री तीजनबाई से पंडवानी सीखना प्रारंभ किया था। पंडवानी को लेकर उनकी रूचि के चलते वे तीजनबाई के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों में शामिल रही। पंडवानी सीखने के बाद तरूणा ने लोगों तक उसे पहुंचाने के लिए आयोजनों में शिरकत करना भी शुरू किया। उनकी प्रतिभा को देखकर उन्हें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लेकर देश के आधा दर्जन राज्यों से भी बुलाया गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए ही उन्हें संस्कृति विभाग की तरफ से राष्ट्रीय स्कॉलरशिप मिला है।

### तत्कालीन पीएम के सामने किया पंडवानी



तरूणा साहू न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों में भी पहुंचकर पंडवानी का प्रदर्शन किया। इसमें दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सामने भी पंडवानी की प्रस्तुति दी थी। इसके साथ ही पिछले साल अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित समारोह में भी उन्हें प्रस्तुति के लिए उत्तरप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा बुलाया गया था। ऐसे ही उज्जैन में कालीदास समारोह और भोपाल, उड़ीसा के अलावा अलवर राजस्थान में भी वे पंडवानी

### शिक्षा में रही होनहार

पंडवानी में प्रतिभावान होने के साथ ही तरूणा साहू शालेय शिक्षा में भी उत्कृष्ट विद्यार्थी रही है। उन्होंने अपनी माध्यमिक शाला जवाहर नवोदय विद्यालय से पूरी की। इसके बाद वे रायपुर स्थित डिग्री गर्ल्स कॉलेज में पढ़ी। इस दौरान वे रविशंकर शुक्ल युनिवर्सिटी की टॉपर रही। इसके साथ ही उन्होंने अपनी कॉलेज शिक्षा के दौरान एनसीसी में भी भाग लिया। वे एनसीसी में रहते हुए आरडीसी परेड दिल्ली में शामिल हुई थी।

### बिछड़ों को मिलाने का कर रही काम

तरूणा साहू पिछले लगभग एक दशक से रेलवे विभाग में अपनी सेवाएं दे रही है। मौजूदा वक्त में वे राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में पोस्ट प्रभारी के पद पर कार्यरत है। वे अपनी ड्यटी के दौरान भी सामाजिक काम करने से पीछे नहीं रहती। अब तक सैकड़ों बिछड़े बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने का काम किया है। इसके साथ ही ट्रेन यात्रा के दौरान यात्रियों के कीमती सामान छूट जाने पर उन्हें उन तक पहुंचाने का काम करते आई है। वे रेलवे संपत्ति को बचाने के साथ ही पटरी किनारे होने वाली दुर्घटनाओं सीआरओ जिनमें गौधन के साथ अन्य सभी मवेशियों को हादसे से बचाने की दिशा में भी सराहनीय काम कर रही है। इसके लिए वे पंडवानी एवं भरथरी गायन के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान भी चला रही है।

महिला दिवस विशेष

## सफाई कर्मी रही शकुन की कहानी

# नौकरी बचाने के लिए सीखा पोस्टमार्टम, तीन दशक में हजार से ज्यादा शवों पर चलाई छुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिस दौर में सरकारी दफ्तरों में गिनती की महिलाएं काम करती थी, उस समय छुरिया जैसे वनांचल क्षेत्र की एक महिला सफाई कर्मी ने अपनी नौकरी बचाने के लिए पोस्टमार्टम जैसा मुश्किल काम न केवल सीखा, बल्कि उसमें इतनी माहिर हो गई कि उसने अपनी सेवा के तीन दशक में हजार से अधिक शव के पोस्टमार्टम कर दिए। इनमें खुंखार नक्सली से लेकर पुलिस जवात तक शामिल रहे।

यह कहानी राजनांदगांव के छुरिया महिला पोस्टमार्टम अस्सिटेंट शकुन खांडेकर की है। महिला दिवस पर इस मजबूत महिला की ये प्रेरणादायक कहानी हम सबको पढ़नी चाहिए। 62 वर्षीय शकुन ने बताया कि उसके पति गेंदलाल खांडेकर जो कि छुरिया हॉस्पिटल में स्वीपर के पद पर दैनिक वेतनभोगी थे। साल 1989 जब वह 28 साल की थी तब उनकी मौत हो गई। पति की मौत के बाद 4 बच्चियों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। पति की जगह उसने हॉस्पिटल में स्वीपर का काम किया। तब उसे महज 450 रुपए महीने के मिलते थे।

### पान मसाला खाकर करती थी पीएम



अक्सर सुनने में आता है कि कोई व्यक्ति शराब पीकर ही पीएम कर पाता है लेकिन शकुन ने बताया कि मैं शराब का सेवन नहीं करती थी लेकिन गुटखा खाने के बाद पीएम करना मेरे लिए सहज था। शकुन को जब भी पीएम करने जाती उस दिन वह खाना नहीं खा पाती थी। भोजन करने के बाद उल्टी आ जाती थी इसलिए वह नाश्ता और चाय से ही अपना पेट भरती थी। इसलिए ये सब चीजों उनकी आदत का हिस्सा बन गई।

### 4 साल की मासूम में छुरी चलाना भावुक पल

शकुन ने बताया कि जिंदगी में अनेकों केस आए परंतु भावनाओं को किसी कोने में छिपाकर अपना काम किया। परंतु 4 साल की मासूम बच्ची का पीएम करना मेरे लिए नामुमकिन सा लग रहा था। बॉडी में छुरी चलाने और सिर फोड़ने से पहले मेरी हाथे कंपनी लगी। महीनेभर मासूम का चेहरा मेरी आंखों में था। जब भी किसी का पीएम करने जाती बच्ची की याद आने लगती। ये बातें आपको बताती समय भी मैं काफी भावुक हूं।

### पहले कांपते थे हाथ, अब हो गई एक्सपर्ट

छुरिया में जब पोस्टमार्टम हाऊस बना तो डोंगरगढ़ से पोस्टमार्टम करने वाले को बुलाया जाता थे। लेकिन आने जाने में होने वाली देरी के कारण वहां के तात्कालिक बीएमओ छुरिया के ही स्वीपर से पोस्टमार्टम करवाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने साफ कह दिया जो पीएम करेगा वो ही हॉस्पिटल में काम करेगा। इसी मजबूरी के कारण शकुन को पीएम करना पड़ा। जिसके लिए उन्हें एक पीएम के पांच रुपए मिलते थे। धीरे धीरे ये राशि सौ रुपए हो गईं। चूंकि डोंगरगढ़ में उनके जीजा ही पोस्टमार्टम करते थे इसलिए शुरुआत में शकुन को उनके जीजा ने ही पीएम करना सिखाया। शकुन के लिए ये काम शुरुआत में मुश्किल था कांपते हाथों से वो पीएम करती थी। पहले वो धागा डालना सीखी फिर इस काम वो एक्सपर्ट हो गई।

## सार समाचार

### भाजपा ने एकांत को दिखाया बाहर का रास्ता

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा त्रि-स्तरीय चुनाव में छुरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के विरुद्ध बागी होकर चुनाव लड़ने वाले एकांत चंद्राकर को शुक्रवार को विधिवत रूप से 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित करने का आदेश प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने जारी कर दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं महामंत्री सौरभ कोठारी ने कहा कि भाजपा में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाती है, इसलिए पार्टी के खिलाफ कार्य करने और बागी चुनाव लड़ने वालों के खिलाफ निलंबन और निष्कासन की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

### आज महिला दिवस पर संगोष्ठी

**ठेलकाडीह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, समानता और समाज उनके योगदान को सम्मान देने समर्पित है। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान है। इसी क्रम में ग्राम पदुमतरा में कल 8 मार्च को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में एक संगोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राममंदिर परिसर में 11 बजे रखा गया है।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा, जनपद पंचायत अध्यक्ष राजनांदगाव प्रतिमा रमेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष अनिता डिगेंद्र सिन्हा, जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, जनपद सदस्य मंजू चंदेल, सरपंच हीना घनश्याम साहू, पूर्व सभापति ओमप्रकाश साहू, मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबाईर, नोमेश वर्मा, खिलेश्वरी साहू, रीना वर्मा, राकेश साहू, मुरली साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे।

### टीम ने की क्लीनिक में दस्तावेजों की जांच

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नर्सिंग होम एक्ट की टीम द्वारा शहर में संचालित गैर लाईसेंस क्लीनिक एवं दवाखाना में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। टीम द्वारा नर्सिंग होम



एक्ट का पालन नहीं करने पर क्लीनिक एवं दवाखाना बंद करने की चेतावनी दी गई। टीम द्वारा नया बस स्टैंड स्थित आरोग्यम सुपर स्पेशिलिटी क्लीनिक, बजरंगपुर-नवागांव स्थित राजेश लारिया, मोतीपुर स्थित मां परमेश्वरी दवाखाना एलसी देवांगन एवं बसंतपुर स्थित शर्मा क्लीनिक शैलेष शर्मा, आस्था क्लीनिक चन्द्रेश साहू, आर्शीवाद डेंटल क्लीनिक डॉ. केयूरा जैन, होम्योपैथिक क्लीनिक डॉ. विशाल गंगवानी की जांच की गई। जांच टीम द्वारा संबंधितों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दी गई है एवं वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट के तहत क्लीनिक व दवाखाना बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

### विधानसभा अध्यक्ष जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 8 मार्च को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह 8 मार्च को



सुबह 9 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर नगर निगम राजनांदगांव के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12 बजे महिला पुलिस थाना राजनांदगांव का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे पुराना बस स्टैंड डोंगरगांव में आयोजित नगर पंचायत डोंगरगांव के शपथ ग्रहण समारोह एवं शाम 4.30 बजे नगर पंचायत छुरिया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.15 बजे नगर पंचायत छुरिया से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार कल 8 मार्च को जिला राजनांदगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकरों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालयों राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सहित कुल 49 खंडपीठों का गठन किया गया है। खंडपीठों द्वारा ही विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिले के आम लोगों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लेने अपील की है।

## सायबर ठगी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मची खलबली

# म्यूल अकाउंट: ठगी के पौने नौ करोड़ रुपए का लेन-देन, 16 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सायबर ठगी के रुपए का लेन-देन करने के मामले में जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में करीबन पौने नौ करोड़ रुपए का लेन-देन करने वाले 16 आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही तीन फरार आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। इन सभी ठगी की जानकारी केंद्र सरकार द्वारा जिला पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु केन्द्र सरकार के गृहमंत्रालय विभाग द्वारा सायबर अपराधियों से संबंधित डाटा, साइबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ साझा किया जा रहा है। उसी क्रम में बढ़ते हुए साइबर अपराधों के मद्देनजर साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जनजागरूकता एवं साइबर अपराधियों एवं साइबर ठग गिरोह को म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले गिरोह पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए एसपी मोहित गर्ग द्वारा जिले में मिशन साइबर सुरक्षा अभियान की शुरूआत की गई है।



### आरोपियों में कई रसूखदार भी शामिल

थाना कोतवाली के अपराध क्र. 104/25, 105/25, 106/25, 107/25, 108/25, 109/25, 110/25 धारा 317 (2), 317 (4), 317(5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत पंजाब नेशनल बैंक राजनांदगांव, इंडियन ओव्हरसीज बैंक राजनांदगांव, युनियन बैंक राजनांदगांव, केनरा बैंक राजनांदगांव, बैंक ऑफ महाराष्ट्र राजनांदगांव, बंधन बैंक राजनांदगांव कुल 17 बैंक खातों से कुल 70.83 लाख रुपए जमा होना पाया गया। खातों की जांच होने पर आरोपी एवन दास मानिकपुरी, चम्पेश कुमार देवांगन, नितेश साहू, पूनमचंद साहू, शेख फैजान, मिहिर साहू, चेतन मंडावी, नागेश्वर बोरकर, हिमांशु पात्रे, मो. सलीम, चेतन निर्मलकर, विजय कुमार देवांगन को गिरफ्तार किया गया है। पृथक-पृथक से पूछताछ करने पर अपना जुर्म करना स्वीकार किए। विवेचना में आरोपियों का कृत्य अपराध धारा का घटित पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया जाएगा। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पता तलाश जारी है। दर्ज शिकायत के अलावा कुल छह करोड़ के संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त हुई है। संदेहास्पद ट्रांजेक्शन के संबंध में अग्रिम विवेचना की जा रही है। थाना घुमका क्षेत्र के अपराध क्रमांक 11/25 धारा 317(2), 317(4), 317 (5), 111 (3) (5) बीएनएस के फरार आरोपी लक्ष्मण कुमार पिता प्यारेलाल शान 29 वर्ष निवासी हरडुवा थाना घुमका जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया।

### कोतवाली और बसंतपुर थाना ने की कार्रवाई

इस अभियान के तहत समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत अनुसार एक्सिस बैंक शाखा राजनांदगांव जिला राजनांदगांव में कुल 06 बैंक खातों जिनका उपयोग विभिन्न साइबर अपराधों में प्रयोग किया गया है, को चिन्हांकित कर उक्त खाता धारकों के विरूद्ध थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 113/2025, धारा 317(2), 317(4), 317 (5), 111 (3) (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू एवं प्रभारी सायबर सेल विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपी मोहित जयसिंघानी, शरद कुमार हरिहारनो, प्रवेश मेश्राम, गौरव चौहान से छह बैंक खाताधारकों में कुल 27,32,900 रुपए जमा होना पाया गया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही है। दर्ज शिकायत के अलावा कुल 2.74 करोड़ के संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त हुई है। संदेहास्पद ट्रांजेक्शन के संबंध में अग्रिम विवेचना की जा रही है।

### फागुन महोत्सव का आगाज आज से

**राजनांदगांव।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव परंपरा अनुसार बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाए जाने व्यापक तैयारियां की जा रही है। चार दिवसीय फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस कल 8 मार्च को सुबह 10 बजे से उदयाचल प्रांगण में खाटू वाले श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इसी के साथ श्याम नाम की मेहंदी का उत्सव आयोजित है।

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के संरक्षक गोपाल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक लोहिया, संतोष हुंका, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव अरूण खंडेलवाल, अशोक अग्रवाल के अनुसार कल 8 मार्च सुबह 10 बजे चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ बाबा श्याम के दुग्धाभिषेक से होगा। कोई भी भक्त अपने घर से गाय का दूध लाकर अभिषेक कर सकते हैं। दूध अभिषेक के दौरान ही भक्त माता-बहनों को श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। इसी तरह शाम 05 बजे उदयाचल प्रांगण से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें श्याम प्रभु की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

आयोजन समिति की ज्योति अग्रवाल व सोनल अग्रवाल के अनुसार निशान यात्रा में संस्कारधानी नगरी के भजन गायकों द्वारा सुमधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। निशान यात्रा उदयाचल से प्रारंभ होकर महेश पथ से तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारत माता चौक से गंज लाइन होते हुए वापस उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी।

### पेंशन शिविर 10 से

**राजनांदगांव।** पेंशनधारियों की सुविधा के लिए प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। दिसंबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 10 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 10 मार्च को वार्ड नं. 1 के लिए साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव, वार्ड नं. 2 के लिए लोधी भवन, वार्ड नं. 4 के लिए पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा एवं 11 मार्च को वार्ड नं. 3 व 8 के लिए मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन, वार्ड नं. 6 के लिए चिखली स्कूल एवं वार्ड नं. 10 के लिए शिव मंदिर शांतिनगर में शिविर का आयोजन किया गया है।

# मार्च के शुरूआती दिनों में गहराया संकट, आज से शहर में सिर्फ सुबह होगी पेयजल की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में अभी से नदी का जल स्तर अत्यंत कम होने के कारण जल संग्रहण में कमी आई है। जिससे शहर के उच्च स्तरीय जलागारों (पानी टंकियों) को भरने में काफी समय लग रहा है। जिसके कारण शहर में दोनों समय जल आपूर्ति (पानी सप्लाई) करने में कठिनाई आ रही है। उक्त कठिनाई को देखते दो समय के स्थान पर एक समय सुबह 7 बजे पर्याप्त पेयजल आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नदी का जल स्तर कम होने पर मटियामोती जलाशय से प्रथम चरण में पानी लिया गया, पानी लेने के उपरांत भी जल स्तर में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी नहीं हो पाई। जिसके लिए मोंगरा जलाशय से भी पानी लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल स्तर कम होने पर महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा भी नदी का जायजा लेकर जल संसाधन विभाग तथा माईनिंग विभाग को नदी से सील्ट निकालने निर्देशित किया गया। निर्देशानुसार सील्ट निकालने का कार्य भी किया जा रहा है। पानी की पर्याप्त संग्रहण होने तक एक समय सुबह 7 बजे पेयजल आपूर्ति किया जाएगा। नदी में पर्याप्त जल संग्रहण होने पर दोनों समय सुबह-शाम पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

### मेयर ने की सहयोग की अपील

महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से कहा है कि मोहारा शिवनाथ नदी में एनीकट निर्माण के बाद नदी के सील्ट की सफाई नहीं हो पाई है। जिससे एनीकट के 40 प्रतिशत हिस्से में सील्ट जमा हो गया है। सील्ट जमा होने से जल भंडारण क्षमता में 40 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि सील्ट निकालने का कार्य किया जा रहा है एवं जलाशयों से पानी भी लिया जा रहा है। पानी के पर्याप्त भंडारण होने तक शहर में एक समय पर्याप्त पानी सप्लाई की जाएगी। जिससे थोडी असुविधा तो होगी, लेकिन ऐसे विषम परिस्थिति से हम सबको निपटना है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों के सहयोग के बिना यह कार्य असंभव है।

**जमीन बेचना**

फसल सहित **कुल 42 एकड़ खेत** एक जगहों पर बिकाऊ है ग्राम कुंआ तहसील नवांगाढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) कीमत **21 लाख रू. प्रति एकड़**

कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें, कृपया दलाल सम्पर्क ना करें.....

प्रधान मंत्री मेन रोड से लगा हुआ ग्रामीण **सड़क' - 15 एकड़ में गन्ना, 15 एकड़ में मुसम्मनी, 12 एकड़** में मक्का चारों तरफ खम्बा तार से घीरा हुआ है, सुविधायें - **04 ट्यूबवेल** से खेत के नीचे अंडरग्राउंड सिंचाई पानी हेतु पाईप लाईन लगा हुआ है।

**- सम्पर्क सूत्र -**
**जय श्री महाकाल प्रापर्टी डिलिंग**
**कार्यालय पंडीत चौक कुण्डा रोड**
**सेतगंगा-तालम जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**मो. नं. - 9238210014**







